मां दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखार व तिलक लगाकर नकुलनाथ ने किया कन्या पूजन



छिन्दवाड़ा। शारदेय नवरात्र पर्व की नौवमीं तिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ के निज निवास कमलकुंज शिकारपुर में पूर्ण श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ कन्या पूजन व कन्याभोज का आयोजन किया गया। धर्मानुरागी नकुलनाथ ने मां दुर्गा स्वरूपा नन्हीं कन्याओं का निज निवास में आगमन उपरांत पुष्प वर्षा से स्वागत किया, पांव पखार कर व तिलक लगाकर पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री नकुलनाथ ने निवास पर देवी रूपी 51 कन्याओं के शुभ आगमन पर उनके पांव पखारे और तिलक लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। सर्वप्रथम नौ देवी रूप में पधारी नौ कन्याओं के चरणों की पूजा अर्चना कर देश, प्रदेश व जिले की खुशहाली व सभी वर्गों के लिये समृद्धि की कामना की तदोपरांत समस्त 51 शक्ति स्वरूपा नन्हीं कन्याओं का मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कर कन्या भोज कराया गया। श्री नकुलनाथ ने अपने हाथों से नन्हीं कन्याओं को भोजन प्रसादी परोसी और उन्हें उपहार भेंट कर शुभाशीष प्राप्त किये। आयोजित कन्या भोज के कार्यक्रम में श्री नकुलनाथ ने कहा कि सनातन धर्म में नौ देवी और नौ ही रात्रि का महत्व है। नवरात्र में प्रतिदिन एक देवी की आराधना होती है। हमारी सभ्यता व संस्कृति में कन्या सर्वादा पूजनीय है। हमारे शास्त्रों के अनुसार हर बेटी में देवी का वास है। प्रतिवर्ष परिवार में दिल्ली निवास पर नवरात्र की नौवमीं पर कन्या भोज कराते हैं इस दफा सौभाग्य से छिन्दवाड़ा में है इसलिये यहीं नौवमीं तिथि पर कन्या पूजन कर कन्या भोज कराने का पुण्य लाभ प्राप्त हुआ है। आज पूजन व कन्या भोज कर माताराणी से सदा कृपा बनाये रखने के साथ ही प्रदेश में सच्चाई का परचम लहराये और झूठो का विनाश हो ऐसी कामना की।

भाजपा सरकार में पारंपरिक खेलों को मिल रहा महत्व : सांसद बंटी विवेक साहू



छिन्दवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार के द्वारा देश में प्राचीन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कुश्ती का एक महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल से ही मल्लयुद्ध वीरता और शारीरिक सौष्ठव का प्रतीक रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंगोड़ी और रजोला में आयोजित विशाल दंगल प्रतियोगिता के कार्यक्रमों में संबोधन के दौरान कही। सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंगोड़ी और रजोला में आयोजित विशाल दंगल प्रतियोगिता में सेकड़ों लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम में शामिल होकर बलवीरों का उत्साह वर्धन कर इस ओजपूर्ण खेल का आनन्द लिया। कार्यक्रमों के दौरान इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने विजेता पहलवानों को पूरूस्कृत भी किया। रोमांच, उत्साह और वीरता से भरपूर इस मल्ल युद्ध के अखाड़े में स्थानीय पहलवानों के साथ- साथ दूरदराज से आए बलवीरों ने अपनी कला, दांवपेंचों का अनुपम प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमुदाय को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार सहित अन्य अतिथियों से भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

फिर हुआ भीषण सड़क हादसा, ट्रक-कार की भिड़ंत में 1 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

सौंसर। क्षेत्र में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर ग्राम खुटाम्बा के पास रविवार रात करीब 9 बजे नागपुर की ओर से आ रही एक डस्टर कार और विपरीत दिशा छिंदवाड़ा की ओर से से सौसर आ रहे ट्रक क्रमांक एम 40 सी टी 5566 के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।इस दर्दनाक हादसे में छिंदवाड़ा निवासी साजिद भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार मेजाबीन, फारुख, फरकान और शहनाज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. रूपेश बोकाडे एवं उनकी मेडिकल टीम ने सौसर अस्पताल में घायलों का त्वरित प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया। मामले में सौसर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आगे की जाँच शुरू कर दी है। सौसर डीएसपी प्रियंका पांडे ने बताया कि आगामी त्योहारों के सीजन के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस द्वारा जगह-जगह चेकप्वाइंट बनाकर नियम तोड़ने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। वही नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव को लेकर बंजारी माता मंदिर भवानी माता मंदिर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली, के अलावा विसर्जन स्थलों पर भी सुरक्षा पार्किंग एवं पुलिस की तैनाती की गई है।

गौधूलि बेला में होगा अधर्म के प्रतीक रावण का दहन

51 फीट ऊंचे पुतले से गूंजेगा जय श्रीराम, दशहरा मैदान में विजयादशमी पर होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को छिंदवाड़ा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम की विजय की स्मृति में मनाए जाने वाले इस पावन पर्व पर शहर का दशहरा मैदान रावण दहन का साक्षी बनेगा। यहां गौधूलि बेला में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन के साथ ही पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान होने और धर्म की विजय का संदेश देने वाला होगा।

भगवान श्रीराम की विजय का प्रतीक है विजयादशमी

हिंदू धर्म में विजयादशमी का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता के अनुसार, इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसकी कैद से मुक्त कराया था। यह पर्व संदेश देता है कि अधर्म और अहंकार चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। रावण दहन केवल एक पुतले को जलाने की परंपरा नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प भी है।

धर्म, आस्था और संस्कारों का पर्व

विजयादशमी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है।

यह पर्व नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और मर्यादा का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। रावण दहन के अवसर पर यही संदेश प्रासंगिक हो उठता है कि व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

मंगलवार को छिंदवाड़ा में होने वाला रावण दहन विजयादशमी की धार्मिक महत्ता को जीवंत करेगा। 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन इस बात का प्रतीक बनेगा कि समाज में सत्य, सद्भाव, मर्यादा और धर्म की विजय सदैव सर्वोपरि है। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ विजयादशमी का पर्व लोगों को अच्छाई के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

गौधूलि बेला में होगा रावण दहन



छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन पर्व का प्रमुख आकर्षण रहेगा। भारतीय परंपरा में गौधूलि बेला को शुभ समय माना जाता है। इसी बेला में रावण दहन के माध्यम से भगवान श्रीराम की विजय और धर्म की स्थापना का स्मरण किया जाएगा। रावण के पुतले के दहन के साथ ही बुराई के अंत और सदाचार की स्थापना का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

मातारानी की अद्भुत झांकी



छिंदवाड़ा। वार्ड नंबर 42 बड़ा कुआं गुलाबरा में विराजी मां भवानी की आकर्षक झांकी।

पांढुर्णा के सिवनी गांव में तेंदुए का आतंक, खेत के कोठे में घुसकर दो बछड़ों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिवनी में सोमवार अल सुबह एक तेंदुए ने जमकर आतंक मचाया। तेंदुए ने किसान किशोर बावने के खेत में बने मवेशियों के कोठे में घुसकर दो बछड़ों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुस्साहसिक घटना के बाद से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी दहशत और चिंता का माहौल है।

तार की फेंसिंग लांघकर कोठे में घुसा तेंदुआ

पीड़ित किसान किशोर बावने ने बताया कि उन्होंने अपने मवेशियों की सुरक्षा के लिए खेत में पक्का कोठा बनवाया हुआ है, जिसके चारों ओर मजबूत तार की फेंसिंग (बाड़) भी लगाई गई है। इसके बावजूद रविवार की रात किसी समय तेंदुआ फेंसिंग को पार करके अंदर घुसने में कामयाब हो गया। तेंदुए ने वहां बंधे छोटे बछड़ों को अपना निशाना बनाया। गनीमत यह रही कि कोठे में बंधे अन्य मवेशियों की जान सुरक्षित बच गई।



मुआवजे का इंतजार

सोमवार सुबह जब किसान किशोर बावने अपने खेत पर पहुंचे और कोठे के भीतर मृत बछड़े देखे, तो उनके होश उड़ गए। इस घटना के बाद से आसपास के ग्रामीण इलाकों में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घना जंगल नजदीक होने के कारण किसानों का खेतों में अकेले जाना भी मुश्किल हो गया है।घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग और स्थानीय पटवारी को दे दी गई है। किसान और ग्रामीण अब विभाग द्वारा नुकसान के आधिकारिक आकलन और क्षेत्र में तेंदुए की धरपकड़ के लिए की जाने वाली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उददेश्य गरीब मरीजों की सेवा करना : सांसद

मोहखेड़ अंचल के ग्राम लहगडुआ में आयोजित हुए 33 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुये सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान और सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्ग तक सहायता पहुंचाने और दूरस्थ ग्रावों में बसे ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। यही संदेश लेकर मोहखेड़ अंचल के ग्राम लहगडुआ में आयोजित 33 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश के लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मैंने भी जन सेवा को अपने



जीवन का ध्येय बना लिया है। सेवा संकल्प अभियान और सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन के अभियान के तहत लहगडुआ में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू ने यहां इलाज कराने आए मरीजों से चर्चा कर डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों की बिमारी का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस शिविर में आए मरीजों से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की और उपस्थित जनसमुदाय को मोदी सरकार द्वारा की जा रही सेवा, सहयोग एवं समर्पण रूपी कार्यों से अवगत कराया। शिविर के दौरान कुल 349 मरीजों ने उपचार के लिए अपना पंजीयन कराया, जिसमें 196 महिलाओं व बालिकाओं और 153 पुरूषों व युवाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मिलें 07 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि जिले में बने पूर्व के सांसद सिर्फ हेलीकॉप्टरों, हवाई जहाजों और ऐशोआराम करने के लिए बने थे। उन्होंने सिर्फ जिलेवासियों का शोषण किया है। जिले की जनता ने उन्हें उच्च पदों पर आसीन किया, लेकिन उन्होंने जिलेवासियों को कुछ नही दिया।

नवमी पर बंजारी माता मंदिर में हुआ घट विसर्जन

सौंसर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व की महानवमी के क्या अवसर पर छिंदवाड़ा मार्ग पर लगने वाली बंजारी माता मंदिर के साथ ही रामाकोना मार्ग की छोटी बंजारी मंदिर में भी बड़ी संख्या में माता रानी के भक्तों ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया हैं। नवरात्र महोत्सव के दौरान बंजारी माता के दर्शन के लिए हजारों की तादाद में प्रतिदिन यहां पर भक्त उमड़ रहे है। सोमवार को मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं विधि-विधान के साथ घट विसर्जन का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। घट विसर्जन यात्रा में माता रानी के गीतों पर सर पर कलश लेकर सैकड़ो की तादाद में माता रानी के भक्तों ने भ्रमण कर विसर्जन किया।इस पावन अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने बंजारी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बंजारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष मोरेश्वर धुर्वे ने बताया किनवरात्रि का पर्व माँ दुर्गा की आराधना, शक्ति, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। नौ दिनों तक माँ भगवती के विभिन्न स्वरूपों की उपासना के पश्चात महानवमी पर घट विसर्जन के साथ नवरात्रि के धार्मिक अनुष्ठानों का समापन किया गया है। इस दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन महा आरती भंडारा, देवी जागरण कलश स्थापना भजन कीर्तन एवं मां दुर्गा की महिमा आदि कार्यक्रम संपन्न हुई है।नवरात्र महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से भी माता रानी के भक्तों ने पहुंचकर प्रातः की आरती में पुण्य लाभ लिया है।



माँ हिंगलाज के दरबार में हुआ विधायक की भव्य चुनरी यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना के साथ विधायक सुनील उईके द्वारा निकाली जा रही भव्य चुनरी यात्रा का शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि को संध्याकाल में विश्व प्रसिद्ध माँ हिंगलाज मंदिर में जुन्नारदेव विधानसभा के वरिष्ठ काँग्रेस नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में विधि-विधान से अंतिम चुनरी अर्पित करने के साथ भव्य समापन हुआ।

नैना देवी मंदिर से प्रारंभ हुई यह धार्मिक यात्रा नौ दिनों तक क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का संदेश देती रही। यात्रा के अंतिम दो दिनों अष्टमी एवं नवमी तिथि को चुनरी यात्रा ने जुन्नारदेव ब्लॉक के कोहनिया,बुर्रीकला, हनोतिया, खैरवानी, केवलारी, रिछेड़ा, नजरपुर, जमकुंडा एवं पालचौरई क्षेत्र के प्रत्येक दुर्गा पंडालों में पहुँचकर माँ दुर्गा को चुनरी अर्पित की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ माता रानी की आराधना की। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों, जयकारों और पुष्पवर्षा के साथ विधायक सुनील उईके का आत्मीय स्वागत किया गया।



अतिकाय, कुंभकरण एवं मेघनाद का हुआ वध

आज होगा रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्रीरामलीला रंगमंच छोटी बाजार में लीला के तेहरवें दिन कुम्भकर्ण वध एवं मेघनाद वध की लीला खेली गई। मण्डल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि रावण अपने राज दरबार मे विराजित रहता है। तभी उसे लक्ष्मण जी के चैतन्य होने की जानकारी प्राप्त होती है। इसके बाद वह अपने वीर एवं शक्तिशाली पुत्र अतिकाय को युद्ध में भेजता है, लक्ष्मण एवं अतिकाय के बीच भयंकर युद्ध होता है जिसमें अतिकाय का वध लक्ष्मण के द्वारा किया जाता है। अतिकाय के वध के बाद रावण विचार करके अपने अनुज कुम्भकर्ण को जाग्रत करता है। कुम्भकर्ण अपने महल में छः मास की नींद में सोया रहता है। कुम्भकर्ण के जागने के पश्चात रावण उसे पूरी स्थिति से अवगत कराता है। कुम्भकर्ण रावण को नीति उपदेश देकर जानकी को वापस श्रीराम को सौपने कहता है परंतु रावण उसकी एक नही सुनता और युद्ध के लिए भेज देता है। इधर राम दल के शिविर में सूचना प्राप्त होती है कि कुम्भकर्ण युद्ध मैदान में राम दल को भयंकर क्षति पहुँचा रहा है। तब भगवान श्रीराम युद्ध के लिए आते है, कुम्भकर्ण और श्रीराम में भीषण युद्ध होता है। श्रीराम द्वारा कुम्भकर्ण का वध किया जाता है।

मुख्य निर्देशक श्रान्त चंदेल ने बताया कि रावण द्वारा मेघनाद को बुलाया गया एवं युद्ध हेतु आदेशित किया गया। युद्ध मे जाने से पूर्व मेघनाद अपनी विजय को सुनिश्चित करने के लिए यज्ञ करता है परंतु उस यज्ञ को लक्ष्मण जी के नेतृत्व में वानर सेना नष्ट कर देती है। इस तरह पुनः लक्ष्मण एवं मेघनाद के बीच भीषण युद्ध प्रारंभ हो जाता है। मेघनाद युद्ध मे अद्वितीय पराक्रम दिखाता है परन्तु अपनी दृढ़ इच्छा, व्रत एवं वीरता के बल पर लक्ष्मण जी मेघनाद का वध कर देते है। इसके बाद बहुत ही मार्मिक सती सुलोचना प्रसंग की लीला का मंचन हुआ जिसमे दिखाया गया कि मेघनाद पत्नी सुलोचना श्री राम के दल ने जाकर अपने पति का शीश मांगती है। इस प्रसंग ने सभी की आंखों में अश्रु भर दिए। श्रीराम सम्मान के साथ मेघनाद के शव को लंका को सौंप देते है। मंचन के तेहरवे दिन श्री राम की भूमिका रजत पांडे, लक्ष्मण आयुष शुक्ला, हनुमान संतोष कुशवाह, रावण जितेंद्र सोनी, अतिकाय की भूमिका में तेजस्व चौरसिया, कुंभकर्ण अभिषेक मुदलियार, मेघनाद उत्तम सोनी, विभीषण नीरज चौरसिया एवं सुग्रीव की भूमिका में अजय चौकसे दिखाई दिए।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित

सिंचाई के लिए 15 नवंबर से खोली जाएंगी नहरें, बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, पूर्व विधायक चौरई पं.रमेश दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और श्री लखन वर्मा व संजय पटेल सहित जिले के उन्नत कृषकों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार रबी सिंचाई निर्धारण एवं नहर संचालन, 25 % से कम जलभराव वाले जलाशयों की स्थिति, वर्ष 2026 - 27 रबी



सिंचाई के लक्ष्य निर्धारण, पेंच परियोजना की स्थिति, स्टॉप डैम के गेट बंद करने के कार्य आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री पुष्पेंद्र निगम, कार्यपालन यंत्री एवं समिति सचिव श्रीमती कुमकुम पटेल, कार्यपालन यंत्री पेंच परियोजना श्री जे.के.मर्सकोले एवं श्री प्रभाकर टेकाम, अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री सुनील कुमार सिन्हा सहित जल संसाधन विभाग के एसडीओ और उपयंत्री उपस्थित थे।

15 नवंबर से मिलेगा सिंचाई के लिए पानी

बैठक में सभी जलाशयों की नहरों को 15 नवंबर से खोलने का निर्णय लिया गया, जिससे छिंदवाडा जिले के 72418 हेक्टेयर में रबी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें पेंच व्यपवर्तन वृहद परियोजना से 48532 हेक्टेयर, 108 लघु सिंचाई परियोजनाओं से 17880 हेक्टेयर और स्टॉप डैम व बैराज से 6006 हेक्टेयर पानी देने का निर्णय किया गया। बैठक में पिछली बैठक एवं दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा की गई। सांसद श्री साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा नहरों के अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने लिए समुचित व्यवस्थाएं बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सांसद श्री साहू द्वारा माइक्रो इरीगेशन 1 और 2 की प्रगति की जानकारी भी ली गई और लापरवाह ठेकेदारों को अभी तक टर्मिनेट न करने पर नाराजगी जाहिर की, जिसके लिए कलेक्टर ने वरिष्ठ कार्यालय से समन्वय करने और अर्धशासकीय पत्र तैयार करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए। साथ ही उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि जलाशयों में कम भराव की स्थिति को देखते हुए नहरों में अवैध पंप लगाकर पानी चोरी करने वालों पर संयुक्त टीम बनाकर सख्ती से कार्यवाही करें और किसी भी तरह से पानी की बर्बादी न होने दें। बैठक में पानी चोरी रोकने के लिए पंपों के लिए टेम्परेरी विद्युत कनेक्शन (टी.सी.) नहीं देने का निर्णय लिया गया। सभी स्टॉप डैमों के गेट 26 अक्टूबर तक बंद कराने और नहरों में आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। अमरवाड़ा विधायक श्री शाह ने नए विद्युत ट्रांसफार्मर अमरवाड़ा क्षेत्र में ही उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

कांग्रेस कार्यकर्ता का अपहरण कर मारपीट की वारदात पर भड़के नकुलनाथ

पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर एएसपी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई के लिए तीन दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कांग्रेस पदाधिकारी के साथ हुई मारपीट के मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आपत्ति जताई। पीड़ति कांग्रेस के पदाधिकारी को साथ लेकर पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे और एएसपी को आवेदन देकर तत्काल ठोस कार्रवाई के लिए मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा राजनीति को अखाड़ा बना रही है। विचारों की इस लड़ाई में हाथापाई और अपहरण जैसी वारदात पर उतरी भाजपा को साफ तौर पर चेतावनी है कि अगर किसी भी कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ राजनीतिक द्वेष की भावना से मारपीट या फिर किसी प्रकार की घटना घटित की जाती है तो कांग्रेस की ओर से भी जवाब उसी भाषा में मिलेगा, इसके लिए वे तैयार रहें।

नकुलनाथ ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पीड़ति बलराम श्रीवास की ओर से आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि पुलिस तीन दिनों के भीतर कड़ी व निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पूरे जिले में उग्र आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन व प्रशासन की होगी। विदित हो कि गत रात्रि कांग्रेस के पदाधिकारी बलराम श्रीवास निवासी वार्ड क्रमांक 04 हर्रई छिन्दवाड़ा से हर्रई लौट रहा था। रात करीब 10 बजे महल के सामने





चौराहे पर दो बाइक पर सवार होकर अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के समर्थक व भाजपा नेता अंशुल सोनी सहित अन्य चार लोग पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारी बलराम श्रीवास के साथ मारपीट की, उसका मोबाइल छीना और उसका अपहरण कर अमरवाड़ा विधायक के निवास परिसर में ले जाकर पुनः मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ति के मोबाइल से हर्रई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजी उइके को आपत्तिजनक व अशोभनीय शब्दों से भरा हुआ संदेश भेजा।

पीड़ति बलराम श्रीवास के साथ जहां मारपीट की गई उससे कुछ दूरी पर गरबा का आयोजन चल रहा था जिसमें पीड़ति भतीजे और भतीजी थीं, उन्होंने बीच बचाव किया। श्री बलराम श्रीवास ने उक्त वारदात की लिखित शिकायत पुलिस थाना अमरवाड़ा में की किन्तु भाजपा विधायक के दबाव में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तब पीड़ति ने छिन्दवाड़ा पहुंचकर माननीय नकुलनाथ जी से सम्पूर्ण घटनाक्रम बताया। जिसके उपरांत नकुलनाथ जी ने एएसपी को पीड़ति की ओर से आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई के लिए मांग की।

भाजपा विधायक के निज सचिव ने सोशल मीडिया पर दी धमकी

अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के निज सचिव मोहन नेमा व भाजपा नेता अंशुल सोनी के द्वारा कांग्रेस के आदिवासी कार्यकर्ता धनीराम भलावी निवासी हर्रई वार्ड क्रमांक 02 को सोशल मीडिया पर अपहरण सहित अन्य धमकी दी। माननीय नकुलनाथ जी ने एक अन्य आवेदन कांग्रेस के कार्यकर्ता धनीराम भलावी का भी एएसपी को सौंपा और दोनों ही गम्भीर मामलों से अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई के लिए मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में आदिवासी भाइयों के साथ जारी अत्याचार का अनाचार का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। कांग्रेस आदिवासी भाइयों पर जारी अत्याचार को किसी भी स्तर पर सहन नहीं करेगी। श्री नाथ ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि भाजपा के दबाव में आकर पुलिस ने उचित व ठोस कार्रवाई नहीं की तो हम डीआईजी, आईजी से लेकर मुख्यमंत्री तक जाएंगे और उग्र आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन व प्रशासन की होगी।

देवपुजारी परिवार ने सौंसर को दी एंबुलेंस की सौगात, दो ऑक्सीजन सिलेंडर भी समर्पित



सौंसर। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जरूरतमंद मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से डॉ. देवपुजारी काका बहुउद्देश्य संस्था, सौंसर को वातानुकूलित (एसी) एंबुलेंस की सौगात मिली है। रविवार, को मोहगांव मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में इस एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया। डॉ. देवपुजारी काका के सुपुत्र डॉ. चंद्रशेखर देवपुजारी एवं किशोर देवपुजारी ने जनसेवा के उद्देश्य से यह एंबुलेंस संस्था को भेंट की, जो अब क्षेत्र में न्यूनतम दरों पर मरीजों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी।एंबुलेंस सेवा को अधिक उपयोगी बनाने के लिए बागानी परिवार की ओर से दो ऑक्सीजन सिलेंडर समर्पित किए गए, जिससे गंभीर मरीजों को आपातकालीन स्थिति में समय पर आवश्यक ऑक्सीजन सहायता मिल सकेगी।लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक विजय चौरे पूर्व मंत्री नाना मोहोड, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, पूर्व पालिका अध्यक्ष संजय राठी, किशोर देवपूजारी,उद्योगपति राधेश्याम सुधा, इंदरचंद डागा, श्रीमती रेखा ताई कंटक, हीना वाडेकर,नरेश बागांनी, डॉ प्रफुल्ल कंटक डॉ आशिष भटड़,संजय ठाकरे,सुनील भांगे, रमेश पातुरकर के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ मृणालिनी प्रफुल्ल कंटक ने बताया कि29 मार्च 2023 को पंजीकृत यह संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और योग प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 से अधिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर चुकी है। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. प्रफुल्ल कंटक, डॉ. आशीष भट्टड़, सूर्यकांत राठी, अमित बागानी, अमित राठी, गोपाल बुले, गिरधर चांडक, प्रवीण मानेकर, प्रशांत येलुरकर, आदि शामिल है।

आजादी के बाद पहली बार आदिवासियों को स्वास्थ्य की सुविधा मोदी जी ने की: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सेवा संकल्प अभियान और सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन की श्रृंखला के अंतर्गत सौंसर विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले भाजपा मण्डल लोधीखेड़ा के ग्राम गोंढा वाढोना में 32 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू ने किया। शिविर के दौरान कुल 325 मरीजों ने उपचार के लिए अपना पंजीयन कराया, जिसमें 187 महिलाओं व बालिकाओं और 138 पुरूषों व युवाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

ग्राम गोंढा वाढोना में आयोजित 32वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आदिवासियों को स्वास्थ्य की सुविधा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व



वाली केंद्र सरकार और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हमारे आदिवासियों भाई बहनों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रख रही है। गांवों में रहने वाले आदिवासियों परिवारों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने ज्यादा दूर न जाना पड़े इसके लिए सुदूर आंचलिक क्षेत्रों में भी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनाएं गये हैं।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि कांग्रेस ने हमारे आदिवासी भाईयों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है। लेकिन उनके विकास की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि वे तरक्की की दौड़ में पिछड़ते चले गए। कांग्रेस के इतने वर्षों के शासन का नतीजा यह रहा कि स्वास्थ्य एवं आदिवासी मामलों के मंत्रालयों द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति द्वारा आदिवासी स्वास्थ्य को लेकर किए गए अध्ययन में पता चला है कि आदिवासियों के स्वास्थ्य की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार राष्ट्रीय अभियान के तहत जनजातीय समाज को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केन्द्रित करने का नतीजा यह रहा कि अनुसूचित जनजातियों के स्वास्थ्य की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। सांसद विवेक बंटी साहू ने शिविर में पहुंचकर वहां इलाज कराने आए मरीजों से चर्चा कर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को उनका उचित इलाज कर सहयोग करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड और मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे ने भी संबोधित किया।

लगातार दूसरे वर्ष निकाली गई षष्टी माता मंदिर से बंजारी माई तलवार यात्रा



छिंदवाड़ा। महाबली ग्रुप की ओर से षष्टी माता मंदिर से बंजारी माई मंदिर तक तलवार यात्रा का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष किया गया। इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ सहभागिता की। यात्रा के दौरान माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सांसद बंटी विवेक साहू ने पूजा अर्चना कर रैली का विधिवत प्रारंभ किया। इस यात्रा का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना, समाज में आस्था और एकता की भावना को मजबूत करना तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना था। लगातार दो वर्षों से आयोजित हो रही यह तलवार यात्रा क्षेत्र में श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का प्रतीक बन रही है। इस दौरान महाबली ग्रुप के श्रद्धालुओं ने माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर भाजपा के नेता बिट्टू मंडरहा, रवि मालवी, नवीन बारस्कर, पप्पू वर्मा, प्रथम ठाकुर, आयुष मालवी, सोनू कहार, सुंदर डेहरिया, अन्ना भाई, गणेश पाल, दादा मालवी, देवा बंसल, धर्मेंद्र मालवी, बिट्टू भाउ, सौरभ ठाकुर, शिवम बड़के, अक्षय ठाकुर, संजू केलकर, संदीप पटेल, संकेत पांडे, मलखान राजपूत, सोमेंद्र ठाकुर, रोहित पटेल, नितेश साहू, अंकित तिवारी, सत्यम बंदेवार, विनय सल्लाम, मोहित चौधरी, समीर उइके, धर्मेंद्र अहिरवार, अमन मंडराह, रोशन काले, राकेश विश्वकर्मा, पीयूष गोहर, अन्नू गोहर, कन्हैया नीरज काजू, मोनू, नीलू, संकेत, प्रफुल्ल, अर्जुन साहू, नरेन्द्र यश,राहुल सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजुद थे।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल दुर्गा मंदिर में 92 मनोकामना पूर्ति ज्योति कलश की स्थापना की गई



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल वारा में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में शारदेय नवरात्रि पर्व उत्साह पूर्वक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों तथा सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा मनाया जा रहा है। मंदिर में 92 मनोकामना पूर्ति ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किए गए हैं। नवमी के दिन हवन पूजन और महाआरती के बाद महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। विदित हो कि इस माता रानी मंदिर की स्थापना चैत्र नवरात्र वर्ष 2004 में हुई थी। जिसमें मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शिवेंद्र चौबे द्वारा प्रतिदिन पूजा अर्चना सम्पन्न की जा रही है।

सती माई तालाब में तैरती मिली युवक की लाश, गांव में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज कटंगी। मॉयल नगरी तिरोड़ी के सती माई तालाब में सोमवार 19 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे एक युवक की लाश तैरती हुई मिलने से सनसनी फैल गई। तालाब में लाश देखे जाने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस शाम करीब 4 बजे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान राहुल उर्फ बिट्टू पिता सुरेश शुक्ला, निवासी तिरोड़ी, उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। पानी के भीतर मिले मृतक के शरीर पर केवल अंतर्वस्त्र ही थे। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या हादसा। परिजनों के अनुसार युवक रविवार रात से घर से लापता था। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे हादसा बता रहे हैं, तो कुछ आत्महत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल कटंगी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

आज होगा 58 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन'

विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों के साथ दशहरा मैदान का किया निरीक्षण पर्व को धूमधाम से मनाने तैयारियां तेज''



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। शहर में इस वर्ष विजयादशमी का पावन पर्व बेहद भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। आज 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव की तैयारियां का अंतिम चरण में हैं। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दशहरा मैदान पहुंच कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय के पूर्व सभी कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान तहसीलदार वंदना कुशराम, थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके, नगर पालिका सीएमओ सूर्य प्रकाश उइके, विद्युत विभाग के जेई राहुल तुरकर, समाजसेवी संजयसिंह कछवाहाए, प्रमोद खंडेलवाल, सुदेश गुड्डू सोनी, राहुल अरोरा, चिंटू जैन, पवन बिसेन सहित पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि इस वर्ष शहरवासियों को दशहरा उत्सव के दौरान एक अनूठा और भव्य आयोजन देखने को मिलेगा। इस अवसर पर स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर से उत्सव को आकर्षक एवं मनमोहक बनाने के लिए सुंदर और भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। जिनमें स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आए कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं इसके अलावा दशहरा मैदान में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ से नन्हे बाल कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही कटक की आतिशबाजी देखने को मिलेगी। जो आयोजन को और भी खास बनाएंगे। इस दौरान दशहरा मैदान में शाम 5 बजे से 7 बजे तक भव्य श्रीराम नाम संकीर्तन की प्रस्तुति श्री जी संकीर्तन बैंड के द्वारा दी जायेगी। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक सूर्या वर्मा अपनी मधुर आवाज में श्रीराम संकीर्तन की प्रस्तुति देगे।

इस वर्ष दशहरा मैदान में 58 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेजी से जारी हैं और रावण दहन की व्यवस्था भी लगभग पूर्णता की ओर है। भव्य झांकियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रावण दहन के साथ वारासिवनी में विजयादशमी का पर्व उत्साह, उल्लास और सामाजिक सौहाद्र के वातावरण में मनाए जाने की तैयारी है।

मां किरनाई मंदिर किरनापुर में 864 कलशों का हुआ विसर्जन, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर में स्थित प्रसिद्ध मां किरनाई माता मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किए गए 864 ज्योति कलशों का विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ विसर्जन कर आरती की जाती है। नवरात्रि के समापन के अवसर पर मंदिर समिति और स्थानीय भक्तों के सहयोग से एक विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। मां किरनाई के दरबार में क्षेत्र और दूर-दराज से आने वाले भक्तों द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाते हैं।

नौ दिनों तक चलने वाली अखंड पूजा-अर्चना के बाद माता के जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसके बाद इन कलशों को जलदर्शन के लिए स्थानीय जलाशयों/तालाबों में विसर्जित किया जाता है। इस पावन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान माता के दर्शन और भंडारे का लाभ लेने के लिए किरनापुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

5-4 गोल से आरकेएम नारायणपुर छत्तीसगढ़ की टीम ने जीत हासिल कर रचा इतिहास

उकवा फुटबॉल टूर्नामेंट आरकेएम नारायणपुर छत्तीसगढ़ और आरटी बॉयज हैदराबाद के बीच हुआ फाइनल का महा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज उकवा। मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा के तत्वाधान में 65 वां मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 अक्टूबर 2026 से मॉयल ग्राउंड उकवा खान मे कराया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए एवं विजेता ट्रॉफी इसी तरह द्वितीय पुरस्कार पचपन हजार पांच सौ पचपन रु एवं रनर ट्रॉफी विजेता एं उपविजेता टीम को प्रदान की गई ।टूर्नामेंट के संरक्षक श्री उमाकांत भुजाडे अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि श्री अनिकेत शांडिल्य एसडीएम बैहर चंद्रशेखर पांडे एसडीओपी बैहर सुभाष दुबे टी आई उकवा निषाद निकोसे प्रबंधक उकवा खान जयंता प्रधान उपखान प्रबंधक उकवा विशिष्ट अतिथि श्री विवेक महाकालकर जेम्स बारीक उपाध्यक्ष जिला फुटबॉल एसोसिएशन बालाघाट ओमेंद्र बिसेन पत्रकार अशोक राउत आनंद गोदरे सलीम खान संजना



बर्बे । फाइनल टूर्नामेंट में सबसे पहले महिलाओं की टीमों का शो मैच खेला गया उसके बाद सेमी फाइनल के उपविजेता टीमों का तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए फुटबॉल मैच मायल इलेवन एफ सी बालाघाट एं मॉयल बॉयस उकवा के मध्य खेला गया जिसमे मॉयल एलेवन बालाघाट की टीम 3-2 गोल से जीत हासिल की जिसे तीसरा इनाम रू15000 रु प्रदान किया गया इसी तरह इस मैच की उपविजेता टीम को रू10000 रु प्रदान किया गया। इसी तरह आज का महामुकाबला फाइनल मैच आर के एम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एवं आर टी बॉयस हैदराबाद के मध्य खेला गया जिसमे दोनों ही टीम में खेल के निर्धारित समय तक एक-एक की बराबरी पर रही जिनका निर्णय ट्राय बेकर से किया गया जिसमें नारायणपुर छत्तीसगढ़ की टीम 5-4 गोल से जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ एक रुपए एवं विजेता ट्रॉफी अपने नाम की । उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार एवं रनर ट्रॉफी प्रदान की गई । मैच कमिश्नर चंद्रा मलिक इन मैचो के मुख्य निर्णायक अंजल सिंग ठाकुर गोविंद परमार इंदौर कपिल पंद्रे उकवा शाहरुख खान टीकमगढ़ विकास वडकडे अंम्बुज गुप्ता अनूपपुर रोहित यादव उकवा तरुण चक्रवर्ती ने निर्णायक की मुख्य भूमिका निभाई । मंच संचालन दर्शन दीप सुनील उइके खूब लाल यादव एवं इमानवेल दीप के द्वारा किया गया । टेकचंद मदनकर एवं समस्त सुरक्षा टीम ने संपूर्ण टूर्नामेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी ।

नवमी पर मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन के साथ नवरात्र पर्व का समापन

लांजी में भक्तिमय माहौल के बीच निकली कलश विसर्जन शोभायात्रा, गणेशी तालाब में हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



शारदीय नवरात्र पर्व के नौ दिनों तक नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में माता रानी की भक्ति और आराधना का माहौल बना रहा। नवमी के पावन अवसर पर लांजी नगर के विभिन्न मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसके पश्चात मंदिरों में स्थापित जवारे एवं कलशों के विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गणेशी तालाब पहुंची, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार कलश विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्तिभाव देखने को मिला।नवरात्र के अंतिम दिन सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों और दुर्गा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया था। माता रानी के भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर माता रानी से मंगलकामना की। नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों के समापन अवसर पर मंदिर परिसरों में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

लांजी नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों से कलश विसर्जन के लिए शोभायात्राएं निकाली गईं। इनमें मां लंजकाई मंदिर, मरार मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर, ढीमर मोहल्ला स्थित शीतला मंदिर, दखनीटोला बिसोनी स्थित शीतला मंदिर तथा नीमटोला स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के कलश शामिल रहे। श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए निर्धारित विसर्जन स्थल गणेशी तालाब पहुंचे।नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा के दौरान नवरात्र पर्व की धार्मिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन के बाद कलशों को विदाई दी। गणेशी तालाब पहुंचने पर निर्धारित स्थल पर कलश विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

लांजी के पत्रकार मयूर सुले का निधन, पत्रकारिता जगत में शोक



लांजी। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार, बीटीवी न्यूज एवं दिव्य एक्सप्रेस के लांजी प्रतिनिधि तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ लांजी के ब्लॉक अध्यक्ष मयूर सुले का सोमवार, 19 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे नागपुर के चिकित्सालय में बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर से लांजी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मयूर सुले जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और क्षेत्र की समस्याओं को सामने लाने के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने एक सक्रिय और समर्पित साथी को खो दिया है। उनके असमय निधन से पत्रकार साथियों, मित्रों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। दिवंगत मयूर सुले की अंतिम यात्रा मंगलवार, 20 अक्टूबर को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान लक्ष्मीकांता रोड, लांजी से निकलेगी। इसके बाद लांजी मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

खबर संक्षेप

लाड़ली बहना योजना की राशि से नवरात्रि में साकार हुई आस्था

मण्डला। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें अपनी आस्था, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी खुशियाँ साकार करने का अवसर भी प्रदान कर रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता महिलाओं के लिए आर्थिक सम्बल बन रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ परिवार और समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त बना रही हैं। इसका उदाहरण श्रीराम वार्ड निवासी श्रीमती नीतू अग्रवाल के जीवन में देखने को मिला। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि से नवरात्रि के पावन पर्व पर माता रानी के श्रृंगार की सामग्री मंगाई और कन्या पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की। उन्होंने श्रद्धा और उल्लास के साथ नवरात्रि का पर्व मनाते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। श्रीमती नीतू अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्राप्त राशि उनके लिए आर्थिक सहयोग का माध्यम बनी है। इस राशि से वे नवरात्रि के अवसर पर माता रानी का श्रृंगार कर सकीं और कन्या पूजन की परम्परा को उत्साहपूर्वक निभा सकीं। उन्होंने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता महिलाओं को अपनी जरूरतों के अनुसार खर्च करने, परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने में सहयोग प्रदान कर रही है।

बेटी की शिक्षा और भविष्य की जरूरतों के लिए सुरक्षित निवेश का अवसर

सुकन्या समृद्धि योजना से बेटियों को आर्थिक सुरक्षा

*** दीर्घकालीन बचत करने का मिलता है इसमें अवसर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित सुकन्या समृद्धि योजना अभिभावकों को अपनी बेटियों के नाम पर दीर्घकालीन बचत करने का अवसर प्रदान करती है। केंद्र सरकार की इस योजना के माध्यम से अभिभावक बेटी की शिक्षा, उच्च अध्ययन और भविष्य की अन्य आवश्यकताओं के लिए आर्थिक तैयारी कर सकते हैं। छोटी-छोटी बचत के जरिए बेटी के भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।



10 वर्ष से कम आयु की बेटी के नाम खुलवा सकते हैं खाता

सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बेटी के 10 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले उसके नाम पर खाता खुलवाया जा सकता है। खाता माता-पिता या कानूनी अभिभावक द्वारा अधिकृत बैंक अथवा डाकघर में खुलवाया जाता है। सामान्यतः एक परिवार में अधिकतम दो बेटियों के नाम खाते खोले जा सकते हैं। जुड़वां या एक साथ जन्मी बेटियों से संबंधित निर्धारित अपवादों में अतिरिक्त खाते की अनुमति का प्रावधान है।



न्यूनतम 250 रुपये से कर सकते हैं शुरुआत

योजना में एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये जमा करना आवश्यक है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना जमा किए जा सकते हैं। खाते में 15 वर्ष तक जमा किया जा सकता है तथा खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष बाद खाता परिपक्व होता है। योजना की ब्याज दर समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है। ब्याज चक्रवृद्धि आधार पर जुड़ता है, जिससे लंबी अवधि में बचत बढ़ने का अवसर मिलता है।

बेटी की शिक्षा और भविष्य के लिए उपयोगी

सुकन्या समृद्धि खाते में निर्धारित शर्तों के अनुसार बेटी की उच्च शिक्षा के लिए आंशिक निकासी की सुविधा उपलब्ध है। सामान्यतः बेटी के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने या 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, जो भी पहले हो, निर्धारित पात्रता एवं दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा के लिए निकासी की जा सकती है। योजना की परिपक्वता पर नियमानुसार जमा राशि और ब्याज प्राप्त होता है।

ऐसे खुलवाएं खाता

बेटी के माता-पिता या कानूनी अभिभावक नजदीकी डाकघर अथवा अधिकृत बैंक शाखा में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन के लिए बेटी का जन्म प्रमाणपत्र, अभिभावक का पहचान एवं पते का प्रमाण, फोटो और संबंधित संस्थान द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाता खोला जाता है।

आज की बचत, बेटी के कल की तैयारी

सुकन्या समृद्धि योजना अभिभावकों को बेटी के जन्म से ही उसके भविष्य के लिए बचत की आदत विकसित करने का अवसर देती है। नियमित निवेश और लंबी अवधि की बचत के माध्यम से परिवार बेटी की शिक्षा और भविष्य की आर्थिक जरूरतों के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं।

क्या घर बैठे अधिकारियों ने कर दिया भौतिक सत्यापन



*** 60 लाख 36 हजार 500 रूपये की सामग्री का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास बिछिया, मोहगांव, मवई, घुघरी, निवास, नारायणगंज एवं बीजाडांडी में वर्ष 2025 में रोटी मैकिंग मशीन, सोलर वॉटर हीटर, पलंग एवं गद्दे क्रय किये गये इन सामग्रियों के कार्यादेश जिला शिक्षा अधिकारी/डीपीसी समग्र शिक्षा (से.के.एजु.) मण्डला द्वारा जारी किये गये इस पूरी खरीदी में नियमों की अनदेखी कर न केवल संबंधित फर्म को जमकर लाभ पहुंचाया गया बल्कि इस प्रक्रिया में शामिल अधिकारी भी मालामाल हुये हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि रोटी मैकिंग मशीन, पलंग, गद्दे और सोलर वॉटर हीटर के लिये एक सी तीन फर्मो ने ही टेंडर डाले जिनके मूल्य तय दर के बहुत नजदीक थे। जनचर्चा है कि ये तीनों निविदायें एक ही व्यक्ति द्वारा डाली गई है इसमें से तीन ऑर्डर मण्डला की फर्म अचल इंटरप्राजेज को एवं एक खंडलेवार इंटरप्राजेज इंदौर को प्राप्त हुये। जो सामग्री छात्रावासों तक पहुंची उसके भौतिक सत्यापन हेतु जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर तो किये लेकिन दिनांक सिर्फ सहायक समन्वयक (आईटी) द्वारा ही डाली गई है इन सभी अधिकारियों ने गद्दे की मोटाई 2.9 फिट अंकित की है अब समझ से परे है कि लगभग पौने तीन फिट मोटाई का गद्दा आखिर किन छात्रावासों को दिया गया और जब उसका भौतिक सत्यापन हुआ है तो फिर इतनी मोटाई का गद्दा नजर क्यों नहीं आ रहा। इसके अलावा स्टॉक रजिस्टर के किस पेज में सामग्री अंकित की गई उसका भी कोई उल्लेख नहीं है।





मंडला पुलिस ने राष्ट्रीय मोटर साइकिल रैली का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन में कल मंडला पुलिस द्वारा एकता नगर, गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने रवाना हुई राष्ट्रीय मोटर साइकिल रैली में शामिल ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के दलों का मंडला पुलिस द्वारा एमपीटी (MPT), मंडला में स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान मंडला पुलिस के उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैली में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत कराया गया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के पश्चात दोनों राज्यों के पुलिस दल जबलपुर के लिए रवाना हुए, जहाँ उनका रात्रि विश्राम प्रस्तावित था। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतीश चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक सुनील







आनंदम (दुआओं का घर) के नव निर्मित भवन में जरूरतमंदों के लिए सामग्री दान करने की अपील.....

मण्डला। वर्ष 2016 से संचालित आनंदम (दुआओं का घर), मंडला के नव निर्मित भवन का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर आमजन से अपील की गई है कि घरों में जरूरत से अधिक रखी उपयोगी वस्तुएं आनंदम में दान करें। कपड़े, जूते-चप्पल, किताबें-कॉपियाँ, बिस्तर, मोबाइल, पेन-पेंसिल, घड़ी, टीवी, कूलर, पंखे सहित ऐसी वस्तुएं, जो अच्छी स्थिति में हैं और उपयोग में नहीं आ रही हैं, उन्हें आनंदम में जमा कराया जा सकता है। ये वस्तुएं यहां आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी साबित होंगी। आपकी अनुपयोगी वस्तु किसी जरूरतमंद के लिए मददगार बन सकती है। आइए, इस पहल से जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाएं और सेवा व सहयोग की भावना को आगे बढ़ाएं।

नवरात्र | **मुक्ति मार्ग में माता महाकाली दरबार में महाआरती आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु।**

बस स्टैंड माँ दुर्गा पंडाल में विशाल देवी जागरण

*** भजन गायक गणेश सूर्यवंशी, अमीषा टांडिया, कृष्ण विश्कर्मा ने बांधा समा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मुआबिछिया

नगर में नवरात्रि के अंतिम अष्टमी नवमी के दिन जहां पंडालों में हवन पूजन किया गया वही एक दिन पूर्व बस स्टैंड के दुर्गा दरबार में विशाल देवी जागरण, भजन गायक गणेश सूर्यवंशी, अमीषा टांडिया, कृष्ण विश्कर्मा, ने अपने भजन गयनो में समा बांधा ओर माता रानी के भजनों में लीन हजारों श्रद्धालुओं अपना धैर्य बनाए नहीं रख पाए ओर माता की भक्ति में झूम उठे इस अवसर पर पंडाल में दर्शकों को स्वल्पाहार रात भर चला सुबह होते ही पंडाल में महिलाओं ने माँ गौरी का आशीर्वाद के लिए सुहगली पूजा कर सभी को सुहाग का समान वितरण कर माता का आशीर्वाद लिया देर मध्यान अष्टमी पूजन का हवन सभी ने किया। इस अवसर पर नगर के सभी दुर्गा पंडालों में गरबा नृत्य के रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे कही गरबा डांस नृत्य चल रहा है तो कही जस भजन सुहागले पूजन माता के दरबार में नित किए जा रहे। जैसे-जैसे नव रात्रि अंतिम दिनों में पहुंच रही है, माता के दरबार पंडालों में आरती महा आरती के समय दर्शनार्थीयो की भीड़ बढ़ने लगी है विगत दिनों मुक्ति मार्ग माता महाकाली के पंडाल में माता महाकाली की महाआरती और माता के दरबार में भक्ति भाव के जस आरती में हजारों लोग भक्ति भाव में झूम उठे, महाआरती में भाव विभोर श्रोता हजारों की संख्या में देर रात तक झूमते देखे गए। इसी तरह नगर वेयर हाउस कॉम्प्लेक्स में गरबा डांस नृत्य का आयोजन लगा तार रात्रि कालीन किया जा रहा है। जहां लोगों ने गरबा में हिस्सा लेकर गरबा का आनंद ले रहे हैं। इन सभी के अलावा मुक्ति मार्ग धाम में स्थापित महा काली महोत्सव में प्रति दिन जोश से भरी महाआरती का समय होते ही ग्राउंड में श्रोताओं से भर जाता हैं। स्थानीय बस स्टैंड में रोज रात्रि में महा आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं से भर जाता है।



स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिल रहा सम्पत्ति के अधिकार का अभिलेख

*** मंडला जिले में अब तक 1197 रजिस्ट्रियाँ स्वीकृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर बने मकानों के स्वामित्व का अभिलेख उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को अपनी सम्पत्ति का अधिकार प्रमाणित करने का अवसर मिल रहा है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर पात्र संपत्ति धारकों के स्वामित्व अभिलेख की रजिस्ट्री दी जा रही है। इससे ग्रामीणों को अपनी आवासीय संपत्ति का दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

मंडला जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1197 रजिस्ट्रियां स्वीकृत की जा चुकी हैं। जिले में योजना के तहत स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार करने एवं संबंधित प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर जारी है। आगामी चरणों में पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

संपत्ति के स्वामित्व का मिलेगा दस्तावेजी प्रमाण

स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति से संबंधित रजिस्ट्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाती है। स्वामित्व अभिलेख मिलने से संपत्ति की पहचान और उससे जुड़े रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने में सहायता मिलती है। इससे ग्रामीण परिवारों को अपने संपत्ति संबंधी अधिकारों का दस्तावेजी प्रमाण प्राप्त करने में मदद मिलती है।

आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

संपत्ति का आधिकारिक अभिलेख एवं रजिस्ट्री ग्रामीण परिवारों के लिए उपयोगी दस्तावेज है। इससे संपत्ति संबंधी जानकारी स्पष्ट होती है और भविष्य में विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रियाओं में सुविधा मिल सकती है। पात्रता और संबंधित वित्तीय संस्थान के नियमों के अधीन यह अभिलेख ऋण के लिए आवेदन करने में भी सहायक हो सकता है।

35वीं वाहिनी मंडला में गरबा की धूम, सेनानी श्री राजेश रघुवंशी सपरिवार हुए शामिल

मण्डला। 35वीं वाहिनी, विसबल मंडला में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा पंडाल में गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक/सेनानी राजेश रघुवंशी (आई.पी.एस.) सपरिवार शामिल हुए और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर गरबा में सहभागिता की। कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप सेनानी इंद्र सिंह परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश चतुर्वेदी, एड्जुटेंट बलवीर चावड़, सहायक सेनानी श्रीमती रुचिता चतुर्वेदी सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

जबलपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

भगवान श्रीराम की शोभायात्रा भी निकलेगी, 50 फीट से ऊंचे पुतले तैयार

आज बालाघाट जिले में जलेगा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट मुख्यालय में कल दशहरा पर्व मनाया जाएगा। रावण दहन के लिए दशहरा मैदान में तैयारियां पूरी हो गई हैं। रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों को खड़ा करना बाकी है।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस विभाग के बम निरोधक दस्ते ने डॉग स्क्वॉड के साथ पुतलों और मैदान का निरीक्षण किया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का जायजा लिया।

भगवान श्रीराम की शोभायात्रा और बजरंग स्वरूप महाराज के दहन स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग को कवर किया गया है। दशहरा देखने आने वाले हजारों लोगों की भीड़ के लिए व्यवस्था और सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

आयोजक महावीर सेवादल समिति के सदस्य रस्सापार्टी के साथ रहेंगे, ताकि शोभायात्रा अनुशासित रहे और भीड़ में धक्का-मुक्की न हो। शहर में यातायात व्यवस्था भी बदली गई है। कई मार्ग बंद रहेंगे और आवागमन दूसरे रास्तों से होगा।





वनरक्षक एवं क्षेत्ररक्षक भर्ती: 23 और 24 अक्टूबर को होगी शारीरिक दक्षता संबंधी प्रक्रिया

बालाघाट। मध्यप्रदेश वन विभाग के अंतर्गत वनरक्षक एवं वन विकास निगम के क्षेत्ररक्षक पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के चयन की द्वितीय चरण की प्रक्रिया 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। इस दौरान अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की प्रक्रिया संपन्न होगी। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम 14 अगस्त 2026 को जारी किया गया था। इसके बाद चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। नोडल अधिकारी एवं वन मण्डलधिकारी श्री नित्यानंदम एल ने बताया कि कुल 174 अभ्यर्थियों का अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप 23 अक्टूबर को वनक्षेत्रपाल महाविद्यालय, बालाघाट के प्रांगण में किया जाएगा। वहीं, 24 अक्टूबर को महाविद्यालय के नजदीक स्थित नेचर ट्रेल पर पैदल चाल आयोजित की जाएगी।

संभाग स्तरीय बास्केटबाल (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज़ हट्टा ।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खेल कैलेंडर के अनुसार 16 अक्टूबर एवं 17 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय हट्टा जिला बालाघाट के तत्वाधान में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका निगम बास्केटबॉल कोर्ट बालाघाट में किया गया संस्था की प्राचार्य डॉ. दिशा हरीनखेड़े के सफल मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय (महिला एवं पुरुष) बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा परिक्षेत्र के छिंदवाड़ा जिला,सिवनी जिला एवं बालाघाट जिले की (महिला एवं पुरुष) वर्ग की टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में जिला बास्केटबॉल संघ बालाघाट के पदाधिकारी पाश्वेन्द्र पारधी, सुशील पालीवाल, डॉ सतीश चिले, दिनेश बधई, इंद्रजीत सिंह भोज, सुधीर चौधरी, सचिन भोज, नरेंद्र परिहार, नरेश धुवारे, अनिल झरवड़े बालाघाट जिले के समस्त कीड़ा अधिकारी एवं जिला बास्केटबॉल संघ के सदस्य मौजूद रहे अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया एवं प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी एवं खिलाड़ियों से अपने अनुभव साझा किये प्रतियोगिता में पहला मैच पुरुष वर्ग में बालाघाट विरुद्ध सिवनी जिले के बीच खेला गया जिसमें बालाघाट जिले में विजयश्री हासिल की दूसरा मैच महिला वर्ग में बालाघाट विरुद्ध सिवनी जिले के मध्य आयोजित किया गया जिसमें सिवनी जिले में विजय श्री हासिल की महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला छिंदवाड़ा जिला एवं सिवनी जिले के बीच खेला गया जिसमें छिंदवाड़ा जिले ने फाइनल में विजेता का होने का गौरव प्राप्त हुआ वहीं पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला बालाघाट जिला एवं छिंदवाड़ा जिले के मध्य खेला गया जिसमें बालाघाट जिले ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में संस्था की प्राचार्य डॉ. दिशा हरिनखेड़े एवं अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा.पी.एस.कातुलकर सर की अध्यक्षता एवम डॉ. सतीश चिले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पाशवेंद्र पारधी,नरेंद्र धुवारे, श्री सुधीर चौधरी, श्री अनिल झारबड़े एवं बालाघाट जिले के समस्त क्रीड़ा अधिकारी एवं हट्टा महाविद्यालय के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपयोगिता टीमों को शुभकामनाएं दी गई एवं पराजित टीमों को भविष्य में उत्कर्ष प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उक्त प्रतियोगिता में राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं आशीर्वाद एवं आशीर्वचन दिए गए प्रतियोगिता का सफल मंच संचालन डॉ. अधीर घोड़ेश्वर द्वारा किया गया प्रतियोगिता में आभार प्रदर्शन संस्था के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी द्वारा किया गया उन्होंने अग्रणी महाविद्यालय, जिला बास्केटबॉल संघ बालाघाट एवं बालाघाट जिले के उपस्थित समस्त क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रतियोगिता में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष के रूप से सहयोग प्रदान करने वाले एवं मार्गदर्शन देने वाले हर व्यक्ति का दिल से आभार प्रदर्शन किया

आदर्श जागरण ग्रुप की शानदार प्रस्तुति ने मोहा मन

नाच रही काली अंगना में, बाज रहे घुंघरू चरणों में







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम गर्रा में आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा अष्टमी की रात महाप्रसादी वितरण के बाद आदर्श जागरण ग्रुप के कलाकारों ने देवी गीतों, मनमोहक नृत्य और आकर्षक झांकियों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ग्राम गर्रा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे दर्शकों ने देर रात तक धार्मिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम की शुरुआत में आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष दिलीप भैरम, ग्राम सरपंच वैभव बिसेन , मंच संचालक डॉ. अशोक गुप्ता, पत्रकार सलीम शाह सहित समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचे कलाकारों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद



कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।जागरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान गणेश की वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद एक से बढ़कर एक देवी गीतों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। 'नाच रही काली अंगना में, बाज रहे घुंघरू चरणों में' जैसे देवी गीतों पर कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। मां काली की भूमिका में कलाकार की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय, शानदार नृत्य और भक्ति से ओतप्रोत गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंग-बिरंगी और मनमोहक झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। कलाकारों ने अपनी कला और प्रस्तुति के माध्यम से धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जागरण के दौरान दर्शक देवी गीतों पर झूमते नजर आए और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा।कार्यक्रम में रजनीश ठाकरे, वार्ड पंच श्रीमती जुबैदा शाह, देवा प्रताप चौहान, शुभम वर्मा और विशाल मर्सकोले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से समिति ने श्रद्धालुओं को भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षः दिलीप भैरमकार्यकारी अध्यक्षः विशाल मर्सकोले, देवप्रसाद चौहान (पप्पू भैया)उपाध्यक्षः अभय सदाफल, हिमांशु गुप्ता, कमलेश भगतसचिवः दीपक बघेले, संजय तिलासेसहसचिवः लक्की पटले, अक्षय सोनटके, आलोक शरणागतकोषाध्यक्षः रजनीश ठाकरे, गजानंद पटले (गज्जू भैया)संयोजकः शुभम वर्मा, नितेश किसेन, संजय चौधरीमीडिया प्रभारीः सलीम शाह, संजय कटरे की उपस्थिति रही।

हनुमान जी के स्वरूप में 40 किलो का मुकुट पहनेंगे दीपक महाराज, लिंगा में निकलेगी भव्य दशहरा शोभायात्रा

पानीपत की तर्ज पर होगा आयोजन, 20 अक्टूबर को शाम 5 बजे से ग्राम भ्रमण, दशहरा मैदान में होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विजयादशमी पर्व पर ग्राम लिंगा में 20 अक्टूबर, मंगलवार को भव्य दशहरा शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री महावीर सेवादल समिति, हनुमान मंदिर लिंगा के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन का मुख्य आकर्षण दीपक महाराज होंगे। वे पानीपत की तर्ज पर करीब 40 किलोग्राम वजनी मुकुट धारण कर हनुमान जी के स्वरूप में पूरे गांव का भ्रमण करेंगे।

विजयादशमी के दिन शाम 5 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। बैंड-बाजे, नगाड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी, जहां रावण के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सार्वजनिक हनुमान मंदिर में होगा।

समिति अध्यक्ष देवेंद्र एड़े ने बताया कि दशहरा महापर्व के तहत 11 अक्टूबर को सुबह 8 बजे हनुमान जी महाराज के स्वरूप दर्शन हुए और सुबह 9 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण में चोला चढ़ाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद 18 अक्टूबर को पूजन एवं महाआरती होगी।

इसके अलावा 11 से 20 अक्टूबर तक मंदिर प्रांगण में महाप्रसादी का वितरण किया जा रहा है। समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

ग्राम जाम में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ जवारा विसर्जन, माता के जयकारों से गूंजा पूरा गांव



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम में शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर पारंपरिक रूप से घरों में बोए गए जवारा (जवाला) का विसर्जन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में किया गया। नौ दिनों तक घरों में सुख-समृद्धि की कामना के साथ स्थापित की गई माता की ज्योत और जवारों को विदाई देने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा।

गाजे-बाजे और आरती देवी जागरण के साथ निकली भव्य शोभायात्रा: नवरात्रि की पूर्णाहुति के बाद ग्राम जाम में श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपनों घरों से श्रद्धापूर्वक जवारे उठाए गए। इसके बाद गांव में एक भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल-ताशों और पारंपरिक गाजे-बाजे की गूंज पर श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। आरती और देवी जागरणः विसर्जन से पूर्व विशेष आरती देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। माता के जस गीतों पर झूमते हुए पूरा मार्ग ₹जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा।

विसर्जन तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़: शोभायात्रा गांव के निर्धारित विसर्जन स्थल पर पहुंची, जहां सबसे पहले जवारों की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महिलाओं और पुरुषों ने नम आंखों से माता रानी से अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना करते हुए जवारों का विसर्जन किया। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीण और स्थानीय युवा मुस्तैद रहे।

मादक पदार्थों की धर पकड़ में पुलिस का काम काबिले तारीफ

लालबर्रा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 2 महीने से फरार चल रहा एनडीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। वैसे तो बालाघाट जिले के लालबर्रा थाने में अनेको थानेदार आये और गए लेकिन हमेशा थाना प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे सवाल उठना भी लाजिमी ही था क्योंकि लालबर्रा क्षेत्र में खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री और शराब दुकानों के समीप अहातो का संचालन कई महीनो और सालों से होता आ रहा था और तो और कई महीनो लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ ग्रामों में प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजे की बिक्री चरम पर और खुलेआम चल रही थी और पूर्व में रहे थाना प्रभारी को सूचना दिए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी. लेकिन जैसे ही लालबर्रा थाने की कमान थाना प्रभारी राजमल दायमा ने संभाली है तब से लेकर आज तक मादक पदार्थ गांजे की धर पकड़ में थाना प्रभारी लालबर्रा ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और काले कारोबार में लिप्त आरोपियों को भी जेल भेजा जा चुका है।

लालबर्रा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लालबर्रा के अपराध क्रमांक 403/226 धारा 8/20,25,29 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे आरोपी बृजकिशोर यादव उर्फ पिंटू यादव पिता नंदकिशोर यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम बड़ी पनबिहरी थाना लालबर्रा जिला बालाघाट जो कि पिछले दो महीने से फरार चल रहा था आरोपी को लालबर्रा पुलिस ने उसके घर से 17 अक्टूबर 2026 दिन शनिवार को गिरफ्तार किया और आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर अग्रिम विवेचना की जाएगी। ज्ञात हो कि दिनांक 22.08.26 को बृजकिशोर यादव के साथी हितेश नागेश्वर और चेतन बांगरे को लालबर्रा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 11 किलो 380 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया था उक्त प्रकरण में आरोपी बृजकिशोर यादव फरार था जिसे लालबर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मादक पदार्थ की तस्करी और बिक्री पर लालबर्रा पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में लालबर्रा पुलिस की प्रशंसा हो रही है क्योंकि बीते कुछ वर्षोमे लालबर्रा पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ पर बड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी लालबर्रा के जागरूक जनों का कहना है कि लालबर्रा थाना प्रभारी राजमल दायमा की कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि लालबर्रा में बेपटरी हुई कानून व्यवस्था अब सुचारू तौर पर चलेगी जिससे अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहेगा और अपराधों पर लगाम लगेगी ।

मलाजखंड महाविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड, जिला बालाघाट में दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान-2026 का समापन समारोह दिनांक 17 अक्टूबर 2026 को समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में आयोजित किया गयज्ञं कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार धुर्वे ने अपने उद्बोधन में सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा, राष्ट्रहित, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना चाहिए।

अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. आर. के. पिवहरे रहे। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आशीर्वाद का दीया, मेरे सपनों का भारत, नमो सेवा, आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंगदृराष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज, सुशासन सेवा संवाद तथा इन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट जैसी कुल 12 गतिविधियों को कार्ययोजना में शामिल किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक चेतना, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता की भावना विकसित करना था। अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों की सहभागिता से संबंधित गतिविधियों के अनुभव साझा किए गए तथा भविष्य में भी सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इसके पश्चात सेवा संकल्प अभियान-2026 के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार सेवा, सहयोग, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध के संदेश के साथ सेवा संकल्प अभियान-2026 का समापन हुआ।

दशहरा पर्व के चलते बदले गए वाहनों के रूट

एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार ने दशहरा मैदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



विजयदशमी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर कटंगी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मंगलवार 20 अक्टूबर को होने वाले भव्य आयोजन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए एसडीएम विजय सिंह यादव ने सोमवार को दशहरा मैदान और विसर्जन स्थल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, बिजली, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम, तहसीलदार पन्नू लाल सांडिल्य, दशहरा उत्सव समिति के प्रमुख राजेश कड़वे, नगर पालिका और विद्युत विभाग का अमला मौजूद रहा। वहीं शाम को एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने भी समिति पदाधिकारियों के साथ मैदान का जायजा लिया था। कटंगी का दशहरा अपनी अनूठी परंपरा के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध है। यहां रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों को पूरे शहर में भ्रमण कराया जाता है। इस वर्ष आयोजन में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। इसे देखते हुए नगर पालिका ने मैदान में बैरिकेडिंग का काम पूरा कर लिया है। एसडीएम ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फायर ब्रिगेड, माइक सिस्टम और आपात व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। भीड़ नियंत्रण के लिए थाना प्रभारी को विशेष प्लान बनाने को कहा गया है। यातायात बाधित न हो, इसके लिए आयोजन वाले दिन शाम 5 बजे से शहर के भीतर भारी वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह रोक रहेगी।

मैदान के बाद एसडीएम और एसडीओपी ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। चल समारोह रूट का भी निरीक्षण किया। नगर परिषद ने मूर्ति विसर्जन के लिए 25 बाई 40 फीट का विशाल विसर्जन कुंड बनाया जा रहा है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी मूर्ति का विसर्जन नगर पालिका कर्मचारियों की मौजूदगी के बिना नहीं होगा। सुरक्षा के मद्देनजर तैराक और गोताखोरों की अनिवार्य तैनाती रहेगी। उन्होंने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों की टीम अलर्ट पर रखने, रात में पर्याप्त रोशनी और कार्यक्रम के तुरंत बाद विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि त्योहार के बाद भी शहर स्वच्छ बना रहे।